# GOVT. DEGREE COLLEGE, NAGROTA SURIAN

**Tehsil Nagrota Surian, District Kangra (H.P.)-176027**

Email: gcnagrotasuriyan-hp@nic.in, gcnagrptasurian@gmail.com
Website: http://gcnagrotasurian.edu.in Phone No: 01893-293686


Ref No :EDN-GDC-NGRS-218 Dated :11-06-2026

# Admission Notice(प्रवेश सूचना)

**शैक्षणिक सत्र 2026–27**

महाविद्यालय की प्रवेश सूचना संख्या EDN-GDC-NGRS-210 दिनांक 29-05-2026 की निरंतरता में स्नातक स्तर के बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी. एवं बी.सी.ए. पाठ्यक्रमों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश लेने के इच्छुक सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय के ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर भुगतान (Payment) संबंधी तकनीकी समस्याओं के दृष्टिगत प्रवेश प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न करने हेतु विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपनी प्रवेश संबंधी औपचारिकताएँ पूर्ण करने की सलाह दी जाती है।

जिन विद्यार्थियों ने अभी तक ऑनलाइन पंजीकरण (Registration) नहीं किया है, वे **12 जून से 19 जून, 2026** तक महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

**प्रथम वर्ष/प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों** को निर्देशित किया जाता है कि वे प्रवेश हेतु अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों की **मूल प्रतियाँ एवं स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ** साथ लेकर आएँ, ताकि दस्तावेजों का सत्यापन किया जा सके तथा प्रवेश संबंधी आवश्यक निर्देश प्रदान किए जा सकें।

**द्वितीय एवं तृतीय वर्ष/सेमेस्टर के विद्यार्थियों** को सलाह दी जाती है कि वे **19 जून, 2026** तक प्रवेश संबंधी औपचारिकताएँ पूर्ण कर लें तथा **23 जून, 2026** तक निर्धारित शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें।

## प्रमुख तिथियाँ

### प्रथम वर्ष / प्रथम सेमेस्टर (Fresh Admission)

- प्रवेश हेतु आवेदन : **01 जून से 19 जून, 2026**
- प्रवेश-पूर्व काउंसलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन : **12 जून से 19 जून, 2026**
- प्रथम मेरिट सूची का प्रकाशन : **20 जून, 2026 (सायं 5:00 बजे)**
- प्रथम मेरिट सूची के चयनित विद्यार्थियों हेतु शुल्क जमा : **21 जून से 23 जून, 2026**
- द्वितीय मेरिट सूची का प्रकाशन : **24 जून, 2026 (दोपहर 3:00 बजे)**
- द्वितीय मेरिट सूची के चयनित विद्यार्थियों हेतु शुल्क जमा : **25 जून से 27 जून, 2026**
- ओरिएंटेशन कार्यक्रम : **28 जून से 30 जून, 2026**
- नियमित कक्षाएँ आरम्भ : **01 जुलाई, 2026**

### द्वितीय एवं तृतीय वर्ष / सेमेस्टर (Roll-on Admission)

- प्रवेश हेतु आवेदन: **01 जून से 19 जून, 2026**
- शुल्क जमा करने की अवधि : **12 जून से 23 जून, 2026**
- काउंसलिंग एवं ओरिएंटेशन : **24 जून से 30 जून, 2026**
- नियमित कक्षाएँ आरम्भ : **01 जुलाई, 2026**

### बी.सी.ए. (तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर)

- नियमित कक्षाएँ आरम्भ: **25 जून, 2026**

सभी विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित समयावधि के भीतर प्रवेश एवं शुल्क जमा करने की प्रक्रिया पूर्ण करें तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में नियमित रूप से भाग लेना सुनिश्चित करें।

**प्राचार्य**
**राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां**
**जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

Scanned with OKEN Scanner